प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 07.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रांची रेल मंडल की अनोखी पहल, कल रांची से इरगांव के बीच चलेगी महिला स्पेशल ट्रेन, दिल्ली में शक्ति वॉक से गूंजेगा नारी शक्ति का संदेश।
2. सोशल मीडिया पर ईंधन की कमी की खबरें अफवाह, इंडियन ऑयल ने कहा–देश में पेट्रोल–डीजल का पर्याप्त स्टॉक।
3. जन औषधि दिवस पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दी बधाई; कहा– सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता।
4. रांची में आज से झारखंड हैंडलूम एक्सपो और सरस मेला का होगा शुभारंभ, 600 स्टालों पर लगेगी देशभर के बेहतरीन हस्तशिल्प और हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की प्रदर्शनी।
5. मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य कई हिस्सों में आज से 10 मार्च तक के लिए जारी की बारिश और वज्रपात की चेतावनी, लोगों को सतर्क रहने की सलाह।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल अंतर्राष्ट्री य महिला दिवस पर नई दिल्ली में मानेकशॉ केन्द्र में एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय के इस आयोजन में महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी उपस्थित रहेंगी। मंत्रालय ने कहा है कि कार्यक्रम में सशस्त्र बल, पुलिस और अन्य क्षेत्रों सहित 150 मंत्रालयों, विभागों और संगठनों से लगभग एक हजार महिलाएं भाग लेंगी। कार्यक्रम में दो पैनल चर्चाएं भी होंगी। पहली चर्चा श्रम संहिता– महिला सशक्तीकरण पर और दूसरी चर्चा स्वय सहायता समूह की महिला उद्यमियों पर केंद्रित होगी।

*********************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय कल नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के उपलक्ष्य में शशक्ति वॉकश नामक महिला नेतृत्व वाली पदयात्रा का आयोजन कर रहा है। मंत्रालय ने बताया कि यह पदयात्रा सुबह 7 बजकर 30 मिनट से 10 बजे तक लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए इंडिया गेट से विजय चौक तक कर्तव्य पथ पर होगी। शक्ति वॉक का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के नेतृत्व और योगदान को सम्मानित करना और महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना है।

*********************

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल रांची रेल मंडल एक अनूठी मिसाल पेश करेगा। रांची से इरगांव के बीच एक विशेष महिला ट्रेन चलाई जाएगी, जिसका संचालन पूरी तरह से महिला रेलकर्मियों द्वारा किया जाएगा। इस ट्रेन को कल सुबह साढ़े आठ बजे रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक ए से रवाना किया जाएगा। यह जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शुचि सिंह ने दी है।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में 9वें अंतर्राष्ट्रीय संताल सम्मेलन को संबोधित किया। अंतर्राष्ट्रीय संताल परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने संताल समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने संताली भाषा के संरक्षण और ओलचिकी लिपि के प्रचार–प्रसार पर बल देते हुए कहा कि साहित्य और भाषा ही समुदाय में एकता बनाए रखने का सशक्त माध्यम है।

*********************

एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर झारखंड में सियासी घमासान तेज हो गया है। सत्ताधारी गठबंधन ने इसे आम जनता पर आर्थिक बोझ बताते हुए केंद्र पर निशाना साधा है।
वहीं विपक्षी दल भाजपा ने इसे अंतरराष्ट्रीय बाजार की मजबूरी बताया है।

*********************

सोशल मीडिया पर पेट्रोल और डीजल की किल्लत को लेकर चल रही खबरें पूरी तरह निराधार और भ्रामक हैं। इंडियन ऑयल ने स्पष्ट किया है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है और आपूर्ति नेटवर्क सामान्य रूप से काम कर रहा है। कंपनी ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि ईंधन की कोई कमी नहीं होगी। आम

जनता से अपील की गई है कि वे ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें और पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ जमा न करें।

*********************

आज जन औषधि दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना से लाभान्वित लोगों को बधाई दी है। श्री मोदी ने कहा कि इस परियोजना से अनगिनत परिवारों के इलाज़ के ख़र्च में बचत हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार किफायती कीमतों पर गुणवत्तापरक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

*********************

नई दिल्ली में चल रहे रायसीना डायलॉग 2026 का आज तीसरा और समापन दिन है। पिछले तीन दिनों से जारी इस सम्मेलन में दुनिया भर के दिग्गज नेता, नीति–निर्माता और विशेषज्ञ वर्तमान अंतरराष्ट्रीय संकटों और भविष्य की चुनौतियों पर गहन विचार–विमर्श कर रहे हैं। आज समापन सत्र में कई महत्वपूर्ण समझौतों और भविष्य की वैश्विक रणनीतियों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

*********************

झारखंड लोक सेवा आयोग, जेपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2025 के लिए हाईकोर्ट गए याचिकाकर्ताओं को बड़ी राहत दी है। आयोग ने उनके लिए आवेदन की तिथि बढ़ाकर 11 मार्च कर दी है। संबंधित अभ्यर्थी आज से निर्धारित लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क 12 मार्च तक जमा किया जा सकेगा।

*********************

राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड हैंडलूम एक्सपो और सरस मेला आज से शुरु हो रहा है। अब से कुछ देर बाद राज्य के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद इस मेले का उद्‍घाटन करेंगे। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह भी कार्यक्रम में शामिल होंगी। झारक्राफ्ट की प्रबंध निदेशक गरिमा सिंह ने बताया कि मेले में लगे 600 स्टॉल्स पर देशभर के बेहतरीन हस्तशिल्प और हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है।

*********************

गढ़वा के रंका में जैव विविधता उद्यान का भव्य उद्‍घाटन हुआ। विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी और वरिष्ठ वन अधिकारियों ने इसका लोकार्पण किया। मौके पर विधायक ने कहा कि यह उद्यान न केवल गढ़वा की प्राकृतिक सुंदरता में चार चांद लगाएगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 49 हजार 7 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 82 हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

मौसम विभाग ने आज से 10 मार्च तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण रांची सहित पूर्वी जिलों में मेघ गर्जन, तेज हवा और वज्रपात की संभावना है। प्रशासन ने लोगों को खुले मैदान और पेड़ों से दूर रहने की सलाह दी है।

*****समाप्त***************